ed for 8 and 5 years respectively.

(c) It was found to be the most practical and cost effective way of

कटनी, मध्य प्रदेश में इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज

76. **श्री अजीत जोगी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के कटनी (जिला जबलपुर) में वर्तमान टेलीफोन एक्सचेंज को इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज में परिणत करने की स्वीकृति होने के बावजूद, कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं हो सका है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इस कार्य के कब तक पूरा होने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) कटनी में मौजूदा एम ए एक्स–II एक्सचेंज को बदलने के लिये 2000 लाईनों का सी–डाट किस्म का इलेक्ट्रानिक उपस्कर आवंटित कर दिया गया है। इस इलेक्ट्रोनिक एक्सचेंज के 8वीं योजना अवधि के दौरान चालू कर दिए जाने की संभावना है।

एच०एम०टी० द्वारा घड़ियों के निर्माण का लक्ष्य

77. **श्री अजीत जोगी** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एच०एम०टी० ने वित्तीय वर्ष 1988–89 के लिये घड़ियों के निर्माण के लिये अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) देश की घड़ियों की वार्षिक मांग का कितना प्रतिशत केवल एच०एम० टी० द्वारा पूरा किया जाता है ?

उद्योग मंत्री (श्री जे० वेंगलराव) : (क) से (ग) एच० एम० टी० ने वर्ष 1988–89 के दौरान 60 लाख घड़ियों का उत्पादन किया है जबकि इसकी मूल योजना 65 लाख घड़ियों की थी । यह कमी, स्वदेशीय/आयातित उपकरणों का समय पर उपलब्ध न होना, बिजली की रुकावटें और सहायक एककों में घड़ियों की कम असेम्बली के कारणों से हुई है ।

(घ) 12 से 15 मिलियन घड़ियों की अनुमानित मांग में से एच०एम०टी० ने 88–89 में 6 मिलियन घड़ियां सप्लाई की हैं ।

Various schemes for better power supply in the Capital

78. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE : Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) what are the various schemes for augmenting power supply in the Capital,- and

(b) what will be the impact of these schemes on the frequent load-shedding in Delhi?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF POWER IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI KALPNATH RAI): (a) and (b) The power supply position in Delhi is by and large satisfactory. The power requirements of Delhi are met from its own generating plants at Indraprastha Thermal Power Station and Gas Turbine Station, generation from Badarpur Thermal Power Station and assistance from